हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर



06 स्वास्थ्य विभाग ने पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था ...





07 मंडलायुक्त ने खांदी ग्राम में जनचौपाल लगाकर...




## विद्युत सुरक्षा की जांच में दोषी पाए गए विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारी इनके विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा

# सीहोर में बिजली विभाग के खिलाफ किसानों का बिगुल, आयोगों की एंट्री से मचा हड़कंप

### 11 केवी लाइन से हादसे, 3 किसानों की मौत और 2 के हाथ कटे, अब विधानसभा-लोकसभा तक गूंजाने की तैयारी में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सीहोर जिले के ग्राम बडवेली में खेतों के ऊपर झूल रही 11 केवी विद्युत लाइन से हुए हादसे ने अब बड़ा जनआंदोलन का रूप ले लिया है। करंट लगने से गंभीर रूप से घायल किसान सतीश मेवाड़ा का हाथ काटना पड़ा। इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों का गुस्सा लगातार बढ़ता गया और मामला अब सीहोर से निकलकर भोपाल तक पहुंच चुका है। किसान साफ कह रहे हैं कि जब तक पीड़ित को 25 लाख रुपये का मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

किसानों का आरोप है कि बडवेली क्षेत्र में लंबे समय से बिजली विभाग की लापरवाही के कारण खेतों में 11 केवी लाइन के तार झूल रहे हैं। इसी लापरवाही के चलते अब तक पांच किसान करंट की चपेट में आ चुके हैं। किसानों के अनुसार इनमें तीन किसानों की मौत हो चुकी है, जबकि दो किसानों को अपने हाथ गंवाने पड़े हैं। किसानों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद विभाग ने समय रहते लाइन दुरुस्त नहीं की।

क्षेत्र के किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में लगातार आंदोलन किया जा रहा है। किसानों ने दो बार कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन और ज्ञापन दिया। पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत सौंपी गई। इसके अलावा बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री कार्यालय सीहोर के बाहर भी दो बार प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग उठाई गई। किसानों का आरोप है कि हर बार केवल आश्वासन मिला लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**सीहोर से भोपाल तक गूंजा मामला, मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत :** जब जिला स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो किसानों का प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचा और मुख्यमंत्री निवास पर शिकायत दर्ज कराई। किसानों का दावा है कि मुख्यमंत्री निवास से भी अधीक्षण यंत्री मैडम को दूरभाष पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। इससे किसानों में नाराजगी और बढ़ गई। किसानों का आंदोलन यहीं नहीं रुका। करीब 25 गांवों के सैकड़ों किसान भोपाल पहुंचे और ऊर्जा मंत्री के बंगले का घेराव कर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि ऊर्जा मंत्री स्वयं प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक (एमडी) ऋषि गर्ग को दूरभाष पर कार्रवाई के निर्देश दिए। किसानों का आरोप है कि मंत्री के निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया और विभागीय अधिकारी पहले की तरह चुप्पी साधे रहे।

**प्रभारी मंत्री ने भी दिए निर्देश, फिर भी कार्रवाई नहीं :** किसानों ने सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर से भी मुलाकात कर पूरी घटना से अवगत कराया। किसानों के अनुसार प्रभारी मंत्री ने लिखित रूप से पीड़ित किसान को 25 लाख रुपये का मुआवजा, सरकारी नौकरी तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं होने से किसानों में भारी आक्रोश है।बिजली विभाग की कार्यशैली से नाराज किसान बड़ी संख्या में भोपाल स्थित गोविंदपुरा में बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय पहुंचे और वहां घेराव कर ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि अब आंदोलन केवल एक गांव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कई गांवों के किसान इससे जुड़ चुके हैं। यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और व्यापक होगा।

किसानों का कहना है कि लगातार मीडिया में मामला उठने के बाद विद्युत निरीक्षक द्वारा जांच कराई गई। किसानों के अनुसार जांच रिपोर्ट में विद्युत वितरण केंद्र बिजोरी, खजूरी कला तथा संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। रिपोर्ट में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई है। हालांकि विभागीय स्तर पर अभी तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। मामले ने नया मोड़ तब लिया जब मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग ने मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए गोविंदपुरा स्थित बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक से 31 जुलाई 2026 तक जांच प्रतिवेदन मांगा। वहीं मध्यप्रदेश महिला आयोग ने भी मामले को गंभीर मानते हुए राजस्व आयुक्त से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित को न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं। आयोगों की सक्रियता के बाद प्रशासन और बिजली विभाग पर दबाव बढ़ गया है। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक सतीश मेवाड़ा को 25 लाख रुपये का मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों का कहना है कि अभी तक केवल सीहोर जिले के किसान आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन आने वाले समय में भोपाल, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन सहित कई जिलों के किसान राजधानी में बड़ा आंदोलन करेंगे।

### विधानसभा से लोकसभा तक मामला उठाने की मांग

किसानों ने सभी सांसदों और विधायकों से अपील की है कि इस मामले को मध्यप्रदेश विधानसभा और संसद के दोनों सदनों में उठाया जाए। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से लगातार किसानों की जान जा रही है, मवेशियों की मौत हो रही है, फसलें जल रही हैं और घरों में आग लगने जैसी घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है।

### अब सभी की नजर सरकार और बिजली विभाग पर

बडवेली का यह मामला अब केवल एक किसान की दुर्घटना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही का बड़ा मुद्दा बन चुका है। मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद अब सभी की नजर इस बात पर है कि सरकार और बिजली विभाग दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करते हैं और पीड़ित किसान को कब तक न्याय मिल पाता है। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो राजधानी भोपाल में किसानों के बड़े आंदोलन की तैयारी तेज हो चुकी है।

---

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता पाटीदार के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नलखेड़ा मण्डल उपाध्यक्ष कैलाश पाटीदार निवासी ग्राम भैसोदा का आकस्मिक निधन होने पर मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा नेता श्री पाटीदार का बुधवार को आकस्मिक निधन होने के बाद गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा स्थानीय रेन बसेरा परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं द्वारा श्री पाटीदार द्वारा पार्टी व संगठन के लिए किए गए कार्यो का स्मरण किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा श्री पाटीदार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश पाटीदार, महामंत्री बिरम मालवीय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले में अब तक औसत 382.8 मिमी वर्षा दर्ज

**नलखेड़ा।** कार्यालय भू-संसाधन प्रबंधन, आगर-मालवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान वर्षाकाल में 1 जून से 24 जुलाई 2026 तक औसत 382.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि तक जिले में औसत 264.1 मि.मी. वर्षा हुई थी। इस वर्ष अब तक जिले में कुल 1914.0 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक कुल 1320.5 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई थी। तहसीलवार स्थिति, आगर में 396.0 मि.मी., बड़ौद में 243.0 मि.मी., नलखेड़ा में 483.0 मि.मी., सोयतकलां में 402.0 मि.मी. एवं सुसनेर में 390.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आगर में 167.0 मि.मी., बड़ौद में 295.0 मि.मी., नलखेड़ा में 237.0 मि.मी., सोयतकलां में 317.5 मि.मी. एवं सुसनेर में 304.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। 24 जुलाई 2026 को प्रातः 8:00 बजे पिछले 24 घंटे में जिले में औसत 1.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस दिन आगर में 4.0 मि.मी., बड़ौद में 1.0 मि.मी., नलखेड़ा में 2.0 मि.मी. वर्षा हुई।

---

मंत्री नागरसिंह चौहान सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे आज

## आगर के भवन का भौतिक लोकार्पण और नलखेड़ा व सुसनेर के भवनों का वर्चुअल करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा






जिले के तीनों नव निर्मित सांदीपनि विद्यालय आगर-मालवा,नलखेड़ा एवं सुसनेर का लोकार्पण 25 जुलाई को जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान करेंगे। इस अवसर पर विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत संदीपनी उत्सव भी आयोजित किया जाएगा। इस लोकार्पण समारोह में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। नवीन विद्यालय भवनों के लोकार्पण से जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री द्वारा आगर के सांदीपनि विद्यालय भवन का भौतिक लोकार्पण एवं नलखेड़ा व सुसनेर के भवनों का जिला मुख्यालय से वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। आगर-मालवा जिले में सांदीपनि विद्यालय आगर भवन की कुल लागत 38.81 करोड़, सुसनेर विद्यालय की लागत 31.72 करोड़ एवं नलखेड़ा विद्यालय भवन की 35.84 करोड़ रुपये है। इन तीनों भवनों की निर्माण एजेंसी, लोक निर्माण विभाग है। इन सांदीपनि विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, विशाल एवं हवादार कक्षाएं, खेल मैदान, इनडोर एवं आउटडोर खेलों की व्यवस्था, कला, नृत्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सुविधाएं, मल्टीपर्पज हॉल, संगीत कक्ष, ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों के लिए परिवहन सुविधा भी होगी।

---

## पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. हरिभाऊ जोशी के नाम से हो सांदीपनि विद्यालय का नामकरण

**नलखेड़ा।** एक वर्ष से बनकर तैयार खड़े एवं एक पखवाड़े से अधिक समय से जिस भवन में स्कूल का संचालन हो रहा है उस सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण आज आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा किया जावेगा। स्कूल भवन की लोकार्पण बेला के पूर्व एक बार फिर से उक्त स्कूल का नामकरण क्षेत्र से वर्षो तक विधायक रहे एवं प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व हरिभाऊ जोशी के नाम से करने की मांग उठी है। तहसील प्रेस क्लब सचिव दिलीप खंडेलवाल ने बताया कि इस संबंध में गत दिनों प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के नलखेड़ा आगमन पर उक्त मांग का मांग पत्र भी सौपा गया था जिस पर उन्होंने बताया था कि सांदीपनि विद्यालयों का पूरे प्रदेश में या तो एक ही नामकरण होगा या नामकरण होगा ही नही। श्री खंडेलवाल ने बताया कि शाजापुर जिले के सभी सांदीपनि विद्यालयों का अलग अलग नामों से नामकरण किया जा चुका है। उन्होंने एक बार फिर से नलखेड़ा स्थित सान्दीपनि विद्यालय का नामकरण सुसनेर विधानसभा में जनसंघ की नींव रखने वाले कद्दावर नेता 22 वर्षो से भी अधिक समय तक क्षेत्र के विधायक रहे, प्रदेश के पंचायत मंत्री एवं शिक्षा मंत्री रहे, शिक्षाविद स्व हरिभाऊ जोशी के नाम से किये जाने की मांग की है।




---

लोगों ने जांच की मांग उठाई

## गांधीसागर जल विद्युत गृह से छोड़े जा रहे पानी में कालापन व दुर्गंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा/मंदसौर



गांधीसागर जल विद्युत गृह से डाउन स्ट्रीम राजस्थान की ओर छोड़े जा रहे पानी में पिछले कुछ दिनों से कालापन एवं दुर्गंध महसूस होने से स्थानीय लोगों में चिंता व्याप्त हो रही है। गांधीसागर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता पूरन माटा, दिनेश सांखला, नरेंद्र सिंह खींची, अनिल संघवी ने बताया कि पहले जल विद्युत गृह से डाउन स्ट्रीम की तरफ छोड़ जाने वाला पानी सामान्य दिखाई देता था लेकिन हाल के दिनों में इसके रंग और गंध में परिवर्तन देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। हालांकि पानी के रंग और दुर्गंध का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। नागरिकों ने मध्य प्रदेश विद्युत उत्पादन कंपनी, जल संसाधन विभाग तथा मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पानी के नमूनों की जांच कर वास्तविक कारण सार्वजनिक करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि यह प्राकृतिक प्रक्रिया है तो इसकी जानकारी दी जाए और यदि किसी प्रकार का प्रदूषण या तकनीकी समस्या है तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री पावर जनरेटिंग कंपनी अरुण यादव ने बताया कि गांधी सागर डेम में आगे से पानी आकर डेम में जमा होता है। नागदा एवं उसके आसपास की फैक्ट्री से निकलने वाला पानी भी इसी में मिलकर आता है। फरवरी में विद्युत उत्पादन बंद कर दिया गया था एवं अभी आधे जुलाई के बाद विद्युत उत्पादन शुरू किया है। ऐसे में डेम में जमा गंदगी भी पानी के साथ निकल रही है। एवं जल विद्युत गृह से डाउन स्ट्रीम पर पानी निकलने पर पानी में उधर-पुथल होने से दुर्गंध भी आती है। अभी बारिश का पानी डैम में नहीं आया है जमा पानी में बारिश का पानी मिलने पर ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होगी। जल संसाधन विभाग के डेम इंचार्ज राजेंद्र महाजन ने बताया कि हमारा कार्य डेम में पानी स्टोरेज करने का है। डेम में जमा पानी की स्थिति कैसे क्या है। यह तो मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ही बता सकता है।

---

साइबर फ्रॉड से बचाव व डिजिटल साक्षरता पर विशेष प्रशिक्षण

## पैरालीगल वालेंटियर्स का डिजिटल साक्षरता व साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के अध्यक्ष डी.एस. चौहान के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अश्विनी सिंह, के नेतृत्व में जिला न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता कक्ष में बुधवार को पैरालीगल वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पैरालीगल वालेंटियर्स को सी आईएस एवं साइबर सुरक्षाह्ल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण के अध्यक्ष डी.एस. चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश नीति राज सिंह सिसौदिया, द्वितीय जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्वनी सिंह, व्यवहार न्यायाधीश मोनिका यादव, प्रियंका चौहान,एवं सभी पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित थे। प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन श्री आदित्य यादव, सिस्टम असिस्टेंट/आई.टी. असिस्टेंट द्वारा सीआईएस पोर्टल, डिजिटल साक्षरता, जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद, न्यायालयीन तारीख व प्रकरण की स्थिति देखने, दस्तावेजों की ऑनलाइन प्रति प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

---

समाज जनों द्वारा अगवानी कर निकाला चल समारोह

## साध्वी राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष कलिकुण्ड तीर्थोद्धारक परम पूज्य गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराज साहब की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य साध्वी राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश शुक्रवार को नगर में हुआ। जैन समाज जनों द्वारा साध्वी मंडल की अगवानी कर रेन बसेरा से नगर में चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज जनों तथा महिलाओं के साथ महिला मंडल की सदस्याएं ड्रेस कोड में प्रस्तुतियां देती चल रही थी। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ, नलखेड़ा में 2026 के चातुर्मास हेतु कलिकुण्ड तीर्थोद्धारक परम पूज्य गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वर जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्तीपरम पूज्य साध्वी श्री राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का शुक्रवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ। समाज जनों द्वारा मां बगलामुखी मार्ग स्थित रैन बसेरा से प्रातः 8:30 बजे मंगल प्रवेश का चल समारोह बैंड बाजे एवं ढोल ढमाकों के साथ निकाला गया। चल समारोह में आगे आगे एक सुसज्जित रथ पर परम पूज्य गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वर जी महाराज साहब का चित्र रखा हुआ था। चल समारोह के पूर्व रेन बसेरा पर श्री संघ की ओर से नवकारसी का कार्यक्रम रखा गया था। मंगल प्रवेश चल समारोह के नगर भ्रमण के दौरान स्थान स्थान पर साध्वी मंडल की अगवानी कर उनके समक्ष समाज की महिलाओं द्वारा गहुली की गई । प्रमुख मार्गो से मंगल प्रवेश जुलूस श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी पर पहुंचा। जहां पर सामूहिक देव दर्शन व चैत्य वंदन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात चल समारोह हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन पर पहुंचा। जहां पर साध्वी मंडल की चातुर्मास हेतु चार माह की स्थिरता रहेगी।

चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधनाएं व प्रवचन आदि के कार्यक्रम होंगे। जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट मंडल द्वारा साध्वी मंडल के चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना तप, त्याग, तपस्या करने के लिए सभी श्रावक-श्राविकाओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में धर्म आराधना कर चातुर्मास को सफल एवं भव्य बनाए।

**खबर संक्षेप**

## आरटीओ ने स्कूल बसों के विरुद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में स्कूल बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी बरखा शुक्ला एवं उनके दल द्वारा स्कूलों की बसों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान देवास शहर में संचालित होने वाली स्कूल बसों को रोककर चेक किया गया। दल ने मुख्य रूप से यह जांचा कि शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप सुरक्षा मापदंड पूर्ण हैं या नहीं। वाहनों में वीएलटीडी डिवाईस,कैमरा, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार के साथ ही वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, मोटरयान कर तथा पीयूसी की जॉच की गई। चेकिंग के दौरान संपूर्ण दस्तावेजों की जांच के साथ ही स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई। सभी संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे अपने चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करवाएं। चेकिंग के दौरान जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गईं, उनसे मौके पर 25 हजार रूपये का शमन शुल्क वसूला गया। वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन अधिकारी द्वारा चालकों को निर्देशित किया गया कि वर्षाकाल में बसों का संचालन सावधानीपूर्वक करें, अनावश्यक रेसिंग ना करें तथा पुल-पुलियाओं पर जल भराव होने की स्थिति में वाहन पार ना करें।

### हरिभूमि की खबर का असर: लोहारदा में डॉक्टर ने संभाला कार्यभार, सुधार कार्य शुरू

# स्वास्थ्य विभाग ने पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने शुरू की पहल

लंबे समय से खराब पड़ी जल व्यवस्था को दुरुस्त कराने के साथ अस्पताल परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लौहारदा




बीते गुरुवार दैनिक हरिभूमि में लोहारदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ और लंबे समय से डॉक्टर विहीन चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. विनोद पाटीदार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालते ही डॉ. पाटीदार ने अस्पताल का निरीक्षण किया और सबसे पहले पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सुधार कार्य शुरू कराए। लंबे समय से खराब पड़ी जल व्यवस्था को दुरुस्त कराने के साथ अस्पताल परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलने की उम्मीद है।

खबर का असर

### खबर के बाद हरकत में आया विभाग

दैनिक हरिभूमि ने अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, पेयजल संकट, गंदगी, बंद पड़ी स्वास्थ्य मशीनों और अन्य अव्यवस्थाओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना की।

### ग्रामीणों में बढ़ी उम्मीद

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय बाद अस्पताल में डॉक्टर की उपलब्धता से लोगों का भरोसा फिर से बढ़ा है। हालांकि उनका मानना है कि केवल डॉक्टर की नियुक्ति ही पर्याप्त नहीं है। अस्पताल में नियमित दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल और अन्य स्वास्थ्य,पेयजल और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को भी



स्थायी रूप से बेहतर बनाया जाना चाहिए।

### अब अन्य कमियों पर नजर

डॉक्टर की जॉइनिंग और आधारभूत व्यवस्थाओं में सुधार की शुरुआत को सकारात्मक कदम माना जा रहा है। अब क्षेत्रवासियों की निगाह इस बात पर है कि स्वास्थ्य विभाग अस्पताल की शेष कमियों को कितनी जल्दी दूर करता है,





लोहारदा सरकारी अस्पताल में एक नर्स के भरोसे हजारों ग्रामीणों की सेहत

**अस्पताल में नहीं एक भी डॉक्टर, गंदगी और पेयजल संकट से मरीज हो रहे बेहाल**

बीएमओ अनुसार टोंकखुर्द से डॉक्टर का अटैचमेंट लोहरदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किया गया है, लेकिन उन्होंने अभी तक ज्वाइन नहीं किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारदा

[illegible]

ताकि लोहारदा सहित आसपास के हजारों ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# ननि ने ईदगाह, अस्पताल क्षेत्र से हटाए अवैध कब्जे

**विरोध के बीच ढाई घंटे चला अभियान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम ने शुक्रवार को पुलिस और राजस्व विभाग के सहयोग से शहर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। ईदगाह (एबी रोड) और जिला अस्पताल क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान सरकारी भूमि और सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान की शुरुआत ईदगाह (एबी रोड) क्षेत्र से हुई, जहां जेसीबी मशीन की मदद से एक दर्जन से अधिक टीन शेड और एक अवैध निर्माण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में निगम का अभियान बिना किसी बाधा के जारी रहा और पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसके बाद निगम की टीम जिला अस्पताल के सामने पहुंची। यहां सड़क किनारे वर्षों से रखी लगभग 20 से 25 गुमटियां और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। जेसीबी की सहायता से सभी गुमटियों को हटाकर सड़क को खाली कराया गया। इस दौरान भी हल्का विरोध देखने को मिला, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए कार्रवाई पूरी कराई। करीब ढाई घंटे तक चले इस संयुक्त अभियान में नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आज मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस, पूर्व सैनिकों का होगा सम्मान

**देवास।** सनातन विचार मंच द्वारा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर, देवास में किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश एम.जी. अस्पताल के सामने स्थित प्रवेश द्वार से रहेगा। संस्था वर्ष 2000 से निरंतर कारगिल विजय दिवस का आयोजन करती आ रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक (आईजी) अशोक कुमार यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रायसिंह सेंधव करेंगे, इस अवसर पर कारगिल के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। उक्त जानकारी सनातन विचार मंच के संरक्षक रवींद्र भारद्वाज ने दी।

# कांटाफोड़ पुलिस की विवेचना पर उठ रहे सवाल, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर दो माह के बाद भी अब तक नहीं हुआ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

थाना कांटाफोड़ में दर्ज अपराध क्रमांक 198/2026 की विवेचना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। फरियादी का आरोप है कि 20 मई 2026 को हुई घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने जब्त नहीं किया है, जबकि वह मामले का महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य है।फरियादी के अनुसार घटना के दौरान आरोपी राजेश यादव ने संकरी गली में लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए टक्कर मारकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद पांच लोगों द्वारा घर में घुसकर एक वरिष्ठ नागरिक महिला सहित अन्य




लोगों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।इस मामले में कांटाफोड़ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी का कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस से ट्रैक्टर जब्त करने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक वाहन को जब्त नहीं किया गया।फरियादी ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था तथा वाहन का पंजीयन और बीमा भी वैध नहीं था। उनका कहना है कि इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष और गहन जांच की जानी चाहिए।उन्होंने मांग की है कि मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जब्त किया जाए तथा विवेचना जल्द पूरी कर न्यायोचित कार्रवाई की जाए। फरियादी ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाएंगे।थाना प्रभारी का पक्षइस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक गौतम ने कहा, मामले की विवेचना जारी है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार ट्रैक्टर की जब्ती सहित आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्तरीय अनुदान समिति में अशासकीय सदस्य बनने पर श्रीवास्तव का सम्मान



**देवास।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय अनुदान समिति में अशासकीय सदस्य मनोनीत किए जाने पर हिन्द फौज द्वारा मनोज श्रीवास्तव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि प्रभारी मंत्री की सहमति से राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा जारी 13 जुलाई 2026 के आदेश के तहत मनोज श्रीवास्तव को समग्र शिक्षा अभियान, देवास की जिला स्तरीय अनुदान समिति का अशासकीय सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभव एवं योगदान का सम्मान है। समारोह में हिन्द फौज के संचालक कुमेर सिंह वर्मा एवं हिन्द फौज के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पमाला पहनाई तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# फसल बीमा से वंचित किसानों का फूटा गुस्सा ज्ञापन सौंपकर 7 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कन्नौद



खरीफ वर्ष 2025 की सोयाबीन फसल बीमा राशि के भुगतान में कथित अनियमितताओं को लेकर क्षेत्र के किसानों का आक्रोश सामने आया है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसानों ने एसडीएम प्रिया चंद्रावत को ज्ञापन सौंपकर बीमा राशि से वंचित गांवों के किसानों को तत्काल लाभ दिलाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर जांच कर पात्र किसानों के खातों में बीमा राशि जमा नहीं की गई तो व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025 की सोयाबीन फसल का बीमा भुगतान किया जा रहा है, लेकिन क्षेत्र के करीब 8 से 10 गांवों के किसानों को इसका लाभ नहीं मिला है। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष इन्हीं गांवों में क्रॉप कटिंग के दौरान 70 से 80 प्रतिशत तक फसल नुकसान दर्ज किया गया था। इसके बावजूद प्रभावित किसानों को बीमा राशि नहीं मिलना गंभीर अन्याय है। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से मांग की कि बीमा भुगतान प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए और तकनीकी अथवा प्रशासनिक कारणों से वंचित रह गए किसानों को तत्काल बीमा राशि उपलब्ध कराई जाए। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं से पहले ही आर्थिक संकट झेल रहे अन्नदाताओं के साथ इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश टांडी, जिला कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, तहसील सदस्य मदनलाल चौहान, कांग्रेस नेता अकरम खान, सरपंच प्रतिनिधि सुरेशचंद्र टांडी, अमरसिंह चौहान, गणेश टांडी, राहुल टांडी, अनिल टांडी सहित पीपलदा, माथनी, मोहाई, अडानिया एवं आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम चैट के शक में पत्नी से मारपीट, पांच बाइकें जलाईं, पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंस्टाग्राम पर पत्नी को कॉल करने के आरोप में पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर कॉल करने वाले के घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि वहां पांच लोगों ने मिलकर घर में महिला से मारपीट की गई। घटना 21 जुलाई की है।

इस बीच घर के सदस्य पहुंचे जिसके बाद पांचों आरोपी भाग खड़े हुए। आरोपियों के भागने के बाद उनकी पांच बाइकें जला दी गईं। बरोठा पुलिस ने घटना बुधवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर



लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। यह घटना 21 जुलाई की रात की है। बरोठा थाना प्रभारी सविता सिंह के अनुसार नीलेश को शक था कि मनोज ने उसकी पत्नी को इंस्टाग्राम पर कॉल किया और उससे चैटिंग की।

इसी बात को लेकर उसने अपने साथियों के साथ मनोज के घर पर हमला कर दिया। पूजा उर्फ टीना रावत (19), पत्नी मनोज, निवासी ग्राम धारुखेड़ी ने बरोठा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई की रात करीब 11 बजे नीलेश, अर्पित निवासी बरखेड़ी, विनोद, अनिल और एक अन्य नाबालिग उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर ससुर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो सभी आरोपी वहां से भाग गए। आरोपी 5 बाइकों से आए थे जिन्हें वे घर के बाहर छोड़कर भाग गए। मनोज और उसके घरवालों ने हमलावरों की पांच बाइकों को आग लगा दी।

आरोपियों का कहना था कि यदि मनोज ने उनकी पत्नी को कॉल किया है, तो वे उसकी पत्नी के साथ मारपीट करेंगे। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने इस मामले में शिकायत मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एचएन बाथम और उप पुलिस अधीक्षक बबिता बामनिया ने थाना प्रभारी बरोठा सविता सिंह को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### मातृ-शिशु मृत्यु पर कलेक्टर सख्त, लापरवाहों पर कार्रवाई के निर्देश

# बैठक में निर्णय: गर्भवती महिलाओं के लिए एआई कॉल सिस्टम होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. आर.पी. परमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना केसरी, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. मोहम्मद शाहिद शेख सहित सभी बीएमओ, विशेषज्ञ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सोनकच्छ सिविल अस्पताल में शिशु मृत्यु के एक प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित दो दिनों में ड्यूटी पर रहे नर्सिंग स्टाफ एवं ड्यूटी इंचार्ज का 10-10 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में सेप्सिस से संक्रमित 12 बच्चों की मृत्यु के मामलों में जिम्मेदार चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के



निर्देश दिए। उन्होंने सभी अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण, हैंड वॉशिंग प्रोटोकॉल और स्वच्छ प्रसव व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि बिना उचित हाइजीन के कराए गए प्रसव के मामलों में संबंधित नर्सों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्रसव से एक सप्ताह पूर्व स्वास्थ्य संस्थाओं के बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराने, प्रत्येक गर्भवती का संक्रमण परीक्षण करने तथा एएनसी पंजीयन की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला की स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच की जाए तथा ओपीडी में आने वाली सभी महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग अनिवार्य की जाए। बैठक में मातृ मृत्यु के विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए खटाम्बा मामले में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित स्त्री रोग विशेषज्ञ के विरुद्ध राज्य स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई। वहीं त्रिलोकनगर निवासी महिला की मृत्यु के मामले में निजी अस्पतालों की जांच के लिए टीम गठित कर प्रकरण मेडिकल कॉलेज भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गृह प्रसव वाले क्षेत्रों में संबंधित आशा कार्यकर्ताओं को हटाने, सोनकच्छ के गृह प्रसव मामले में संबंधित एएनएम को निलंबित करने, लापरवाही करने वाले नवजात देखभाल स्टाफ को पद से पृथक करने तथा प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि अब एआई आधारित कॉलिंग सिस्टम शुरू किया जाएगा। पहली एएनसी करा चुकी गर्भवती महिलाओं से एआई सिस्टम के माध्यम से समय-समय पर संपर्क किया जाएगा। यह प्रणाली महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ उनके सवालों के जवाब भी देगी। कलेक्टर ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जवाबदेही, अनुशासन और नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य है।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील बागली जिला देवास (म.प्र.)**

क्रमांक 456/रीडर-1/2026
बागली दिनांक 24.07.2026

- सार्वजनिक सूचना -

उपरोक्त विषयांकित पत्र के संबंध में लेख कि आवेदक द्वावरकादास दत्तक पुत्र गंगाराम जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बेडामउ तहसील बागली जिला देवास के द्वारा ग्राम पोलाय तहसील बागली में स्थित भूमि सर्वे नंबर 37 रकबा 0.37 हे० भूमि का मृतक गंगाधर पिता धुडमल जाति ब्राम्हण के स्थान पर राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है। अतः ग्राम पोलाय तहसील बागली में स्थित भूमि सर्वे नंबर 37 रकबा 0.37 हे० भूमि पर यदि किसी व्यक्ति या अन्य को कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में दिनांक 31/07/2026 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, अन्यथा मौन स्वीकृति मानते हुये प्रकरण की आगामी कार्यवाही की जायेगी।

**तहसीलदार**
**बागली, जिला- देवास (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### रिश्वत मांगने के आरोप में घिरा विद्युत विभाग कर्मी

**ललितपुर।** बिजली कनेक्शन के नाम परिवर्तन के एवज में विद्युत विभाग के एक कर्मचारी द्वारा कथित रूप से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पत्रकार राममूर्ति तिवारी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि उनके पिता जुगल किशोर तिवारी, जो पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं, उनके नाम पर घरेलू विद्युत कनेक्शन है। परिवार सोलर प्लांट लगवाना चाहता है, लेकिन अधिक उम्र होने के कारण बैंक उनके नाम पर वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं करा रहा है। इसी कारण बिजली कनेक्शन मेरे नाम स्थानांतरित कराने के लिए 22 जुलाई को गल्ला मंडी स्थित पावर हाउस में जेई प्रभु दयाल को आवेदन दिया गया था। आरोप है कि इसी दौरान विभाग के कर्मचारी अभिराज राजपूत ने नाम परिवर्तन की प्रक्रिया के बदले पांच हजार रुपये की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां मौजूद कर्मचारी ने कथित तौर पर कहा कि रुपये नहीं दोगे तो विभाग के चक्कर काटते रहोगे, लेकिन काम नहीं होगा। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध सख्त विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि आम नागरिकों को इस प्रकार की कथित रिश्वतखोरी का सामना न करना पड़े।

### असंगठित श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को पेंशन योजनाओं से जोड़ने का अभियान तेज

**ललितपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रम विभाग ने जिले में विशेष अभियान शुरू किया है। इस संबंध में उप श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से योजनाओं में पंजीकरण कराने की अपील की है। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक आवेदन कर सकते हैं। इनमें दैनिक मजदूर, राजमिस्त्री, दुकानों एवं कारखानों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जो ईपीएफ एवं ईएसआईसी के सदस्य नहीं हैं, रेहड़ी-पटरी व फेरी लगाने वाले, ई-रिक्शा, ऑटो एवं कार चालक, छोटे किसान, सब्जी विक्रेता, बढ़ई, हथौड़ा चलाने वाले, शटरिंग कर्मी, बैंड एवं डीजे संचालक, इलेक्ट्रिशियन, रोड लाइट कर्मी सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के सभी कर्मकार शामिल हैं। योजना के तहत निर्धारित अंशदान जमा करने पर लाभार्थियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद प्रतिमाह 3000 रुपये पेंशन प्रदान की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय पेंशन योजना-ट्रेडर्स के अंतर्गत ऐसे लघु व्यापारी एवं दुकानदार, जिनका वार्षिक कारोबार 1.5 करोड़ रुपये या उससे कम है तथा जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है, वह भी योजना का लाभ उठा सकते हैं। पात्र व्यापारी भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकरण कराकर 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन पाने के पात्र होंगे। श्रम विभाग ने बताया कि दोनों योजनाओं में आवेदन वेबसाइट, जन सेवा (सीएससी) केन्द्र अथवा सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में ऑनलाइन कराया जा सकता है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने जिले के सभी पात्र श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से अपील की है कि वह शीघ्र पंजीकरण कराकर केन्द्र सरकार की इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाएं, जिससे वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### हिउस की वार्षिक आम सभा 26 जुलाई को होगी

**विदिशा।** सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन 26 जुलाई रविवार,को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। बैठक तारा देवी हॉल अग्रवाल धर्मशाला माधवगंज में आयोजित होगी। समिति ने सभी आजीवन सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक में सहभागिता निभाने का आग्रह करते हुए सादर आमंत्रित किया है।

---

चौपाल में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सूची का ग्रामीणों से कराया सत्यापन

# मंडलायुक्त ने खांदी ग्राम में जनचौपाल लगाकर योजनाओं की जानी हकीकत





**स्वयं सहायता समूहों को 1 करोड़ 20 लाख का सामुदायिक निवेश निधि का किया वितरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन द्वारा जनपद के विकास कार्यों व परियोजनाओं की निगरानी के लिए नामित नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने शुक्रवार को तालबेहट तहसील के ग्राम खांदी में महिराबन माता तीर्थस्थल प्रांगण में जन चौपाल लगाकर ग्रामीण स्तर पर सरकारी योजनाओं के आच्छादन का स्थलीय सत्यापन किया। चौपाल में मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। चौपाल में पहुंचते ही मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉलों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। चौपाल में मंच के माध्यम से गांव के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों एवं जीरो पॉवरटी लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई गई और अनुरोध किया गया कि यदि कोई पात्र लाभार्थी छूट रहा है तो उसे भी शामिल करा लिया जाए। यह भी बताया गया कि जीरो पॉवरटी के 23 लाभार्थी चिन्हित किये गए हैं, जिन्हें सरकार की प्रमुख योजनाओं- राशनकार्ड, जॉबकार्ड, आवास, शौचालय, विद्यालय नामांकन सहित अन्य योजनाओं के लाभ से संतृप्त कर दिया गया है। इसके उपरान्त मंच के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं डेमो चाभी का वितरण किया गया। इनमें प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों को 1 करोड़ 20 लाख की सामुदायिक निवेश निधि का चेक एवं एनआरएलएम के अंतर्गत कार्यरत कैडरों को 15 लाख 8 हजार 750 मानदेय का चेक आवंटित किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की डेमो चाभी, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, कृषि यंत्र सहित विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

इस अवसर पर सदर विधायक ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी पारिवारिक कलह के कारण वे आत्मघाती कदम न उठायें, प्रशासन के पास जायें और उन्हें अपनी समस्या बतायें, अधिकारी आपकी समस्या का हर सम्भव समाधान करायेंगे। आज कोई भी गरीब की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं कर सकता है, इसके लिए मा0 मुख्यमंत्री जी ने कड़े निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तालबेहट को भी निर्देश दिये कि वे क्षेत्र के अवैध कब्जों के मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

नोडल अधिकारी व मंडलायुक्त ने गांव की महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें और अपने परिवार की आर्थिक प्रगति का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि सभी स्वस्थ्य रहें, धात्री महिलाओं को पोषाहार मिले, बच्चें कुपोषण मुक्त जन्म लें। उन्होंने जीरो पॉवरटी अभियान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान के तहत निर्धनतम परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित कर विकास की मुख्य धारा में लाया जा रहा है।

### समूह की महिलाओं की आय औसतन 8 से 10 हजार रुपए महीना बढ़ी

चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि ह्यसरकार आपके द्वारह्न पहल के अंतर्गत आज जिले के उच्चाधिकारी आपके गांव में आयें हैं, ताकि आपकी समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा सके। उन्होंने स्वरोजगार की नई पहल के बारे में बताते हुए कहा कि हम लोग स्वयं सहायता समूहों को बलिनी से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, इसमें समूहों को भैंस पालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन कराया जा रहा है और उस दूध को बलिनी प्रोड्यूसर कम्पनी को अच्छे दामों पर बेचा जा रहा है। इससे समूह की महिलाओं की आय औसतन 8 से 10 हजार रुपए महीना बढ़ रही है। इस अभियान में कोई भी जुड़ सकता है और अपने पशु का दूध बलिनी को बेच सकता है। चौपाल में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता के कार्यक्रम में मिशन शक्ति सबसे महत्पूर्ण है, इसके तहत गांव-गांव में टीम भेजकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर समय आपके साथ है, किसी भी समस्या में हमसे सम्पर्क करें, आपकी तत्काल सहायता की जाएगी। उन्होंने यह भी आस्वस्त किया कि आपके गांव में हर सप्ताह मिशन शक्ति की टीम भेजी जाएगी। इसके बाद महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्न प्रासन कराया और मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस अवसर संयुक्त विकास आयुक्त सुरेन्द्र चन्द्र केसरवानी, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/डीसी रमेश कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल आदि उपस्थित रहे।

---

कलेक्ट्रेट तक निकाला आक्रोश मार्च

# दिल्ली लाठीचार्ज और पेपर लीक के विरोध में छात्रों का फूटा गुस्सा




### केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे कथित पेपर लीक मामलों और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को ललितपुर के छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतर आए। बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, छात्र संगठनों एवं जागरूक नागरिकों ने कम्पनी बाग से कलेक्ट्रेट तक पैदल आक्रोश मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर पेपर लीक बंद करो, युवा विरोधी नीति बंद करो, छात्रों पर लाठीचार्ज बंद करो, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो तथा हम न्याय मांग रहे हैं जैसे नारे लगाए। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि देश के लाखों युवाओं का भविष्य लगातार दांव पर लगाया जा रहा है और सरकार परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने में विफल साबित हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग रख रहे छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी मेहनत और वर्षों की तैयारी के बावजूद लगातार पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि नीट सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए कथित पेपर लीक की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस पूरे नेटवर्क में शामिल दोषियों, संगठित गिरोहों तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जाए ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। अभिभावक भी अपनी आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च कर बच्चों की पढ़ाई कराते हैं, लेकिन बार-बार होने वाले पेपर लीक से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। ऐसे मामलों से न केवल छात्रों का मनोबल टूटता है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। छात्रों ने केन्द्र सरकार से मांग की कि यदि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही अनियमितताओं की नैतिक जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है तो केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही भविष्य में किसी भी परीक्षा में पेपर लीक की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कानून लागू किए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा तथा जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

#### यह रही प्रमुख मांगें

नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के कथित पेपर लीक की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच। पेपर लीक में शामिल सभी आरोपियों, गिरोहों एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई। परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जाए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई। छात्रों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था लागू की जाए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, विभिन्न छात्र संगठनों के पदाधिकारी तथा जागरूक नागरिक मौजूद रहे।

---

# घर में घुसकर महिला से मारपीट, अभद्रता करने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर में एक महिला के घर में घुसकर मारपीट, अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुरानी रंजिश और पूर्व में दर्ज मुकदमे में खर्च हुए रुपये वसूलने की नीयत से चार लोगों ने महिला के घर में घुसकर हमला किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर उसने न्यायालय की शरण ली।

सीजेएम के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। रामनगर (गौढ़ बाबा के पास) निवासी रचना पत्नी सूरज कुशवाहा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 28 मई 2026 की सुबह करीब 10.30 बजे वह अपने घर पर मौजूद थी। उसी समय उसका भाई नीरज और उसका साथी अनुराग भी घर आए हुए थे। आरोप है कि तभी मनोज, प्रमोद, अनिल तथा पारस पुत्र मनोज एकराय होकर उसके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने कहा कि उसके पति द्वारा पहले दर्ज कराए गए मुकदमे में उनके 10 हजार रुपये खर्च हुए हैं, जिन्हें वह उससे वसूल करेंगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। छीना-झपटी के दौरान उसके कपड़े फट गए। महिला को बचाने आए उसके भाई नीरज और साथी अनुराग के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर मोहल्ले के अर्जुन पुत्र शिवचरन सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए, जिनके हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। आरोप है कि जाते समय आरोपी पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर चले गए। घटना के संबंध में पहले पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने सीजेएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मनोज, प्रमोद, अनिल और पारस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### साइबर ठग ने युवक के खाते से उड़ाए 98 हजार रुपए

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मऊठाना निवासी एक युवक से साइबर ठगी कर उसके बैंक खाते से 98 हजार रुपये निकाल लेने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराकर राशि होल्ड करा दी, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने पर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

---

महिलाओं समेत कई लोगों पर एफआईआर दर्ज

# मुकदमा वापस लेने का बनाया दबाव, महिला के घर में घुसकर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** कस्बा महरौनी के मंडी रोड क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर दर्ज मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने, गाली-गलौज करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर महरौनी पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित उनके परिवार की महिलाओं एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंडी रोड निवासी जशोदा पत्नी हरप्रसाद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 22 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे अथाईपुरा निवासी विक्रम उर्फ कालू पुत्र श्यामलाल उर्फ गुनु तथा अज्जू पुत्र महेश उसके घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने घर के बाहर और भीतर गाली-गलौज शुरू कर दी तथा उसके बेटे को बुलाने की बात कहते हुए कहा कि उसने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की हिम्मत कैसे की। आरोपियों ने कथित तौर पर मुकदमा वापस लेकर राजीनामा कराने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 23 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी पक्ष की करीब तीन महिला सदस्य और एक अज्ञात व्यक्ति भी उसके घर में जबरन घुस आए। सभी ने परिवार के साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। आरोप है कि उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि उनके पास काफी पैसा है और वह पुलिस से भी निपट लेंगे। घटना के दौरान परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पीड़िता का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण उसका परिवार भय और दहशत के माहौल में रह रहा है।

---

शादी रोकने पहुंची टीम से अभद्रता, महरौनी के सिंगेपुर गांव का मामला

# नाबालिगों का बाल विवाह कराने पर ग्राम प्रधान और सहयोगियों पर मुकदमा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगेपुर में दो नाबालिग लड़कों का बाल विवाह कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीओ) एवं थाना महरौनी पुलिस की संयुक्त टीम ने विवाह रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने टीम के साथ अभद्रता करते हुए विरोध किया तथा ग्राम प्रधान की शह पर दोनों नाबालिगों का विवाह संपन्न करा दिया। मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक अजय कुमार कुशवाहा ने थाना महरौनी में दी गई तहरीर में बताया कि 23 जुलाई 2026 को हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम सिंगेपुर में बाल विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना महरौनी पुलिस, जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम गांव पहुंची।

टीम ने दोनों बालकों के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए विवाह रोकने और सभी संबंधित पक्षों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए। आरोप है कि टीम की समझाइश के बावजूद परिजन और अन्य लोग उग्र हो गए तथा सरकारी टीम के साथ अभद्र व्यवहार और वाद-विवाद करने लगे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ लोग टीम के साथ मारपीट पर आमादा हो गए। इसी दौरान ग्राम प्रधान की शह पर दोनों नाबालिगों का विवाह जबरन संपन्न करा दिया गया। परियोजना समन्वयक अजय कुमार कुशवाहा की शिकायत पर महरौनी पुलिस ने 24 जुलाई 2026 को रंजेश कुमार, सज्जे, ग्राम प्रधान सिंगेपुर तथा अन्य सहयोगियों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक गुलाम फरीद को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि विवेचना के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

---

कड़ेसराकलां-मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया

# नोडल अधिकारी व मंडलायुक्त ने जनपद दौरे पर विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर निर्माण को दी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




नोडल अधिकारी व मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने जिले की कई परियोजनाओं का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को गति दी, साथ ही जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर प्रगति जानी और अधिकारियों को अगले माह तक प्रगति सुधारने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत संचालित कड़ेसरा कलां-मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, स्काडा प्रणाली एवं लैब का निरीक्षण करते हुए जलापूर्ति व्यवस्था की ऑनलाइन निगरानी, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आयुक्त द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक नियमित, पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने तथा योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की सतत निगरानी एवं ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान स्काडा प्रणाली से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारु एवं क्रियाशील पाई गईं। मौके पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कड़ेसरा-मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 22 ग्राम सम्मिलित हैं। योजना के तहत 10 ओवरहेड टैंक एवं 5 क्लियर वाटर रिजर्वायर का प्रावधान किया गया है, जिनके माध्यम से योजना से आच्छादित सभी 22 ग्रामों में ग्रामीणों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

इस अवसर पर मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके उपरान्त मंडलायुक्त ने तालबेहट तहसील अंतर्गत ग्राम बंदेसरा में स्थित 765/400/220 केवी तालबेटह ट्रांसमिशन उपकेंद्र परियोजना (परिवर्तन क्षमता 2500 एमवीए) का निरीक्षण किया और परियोजना की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि गुणवत्ता, सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परियोजना को दिसंबर 2026 तक निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह उपकेंद्र चालू होने के उपरांत प्रदेश के हाई वॉल्टेज ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ करेगा तथा बड़े पैमाने पर उत्पादित नवीकरणीय (हरित) ऊर्जा के सुरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध ग्रिड निकासी तथा राज्य एवं राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड में उसके एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह परियोजना हरित ऊर्जा अवसंरचना के विकास तथा भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। यहां पर बताया गया कि यह ट्रांसमिशन उपकेंद्र तथा इससे संबद्ध एक्स्ट्रा हाईवॉल्टेज ट्रांसमिशन लाइनें उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर योजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही हैं।

---

# खेत में महिलाओं से अभद्रता का विरोध करना युवक को पड़ा भारी

### खेत से लौटते समय दबंगों ने रास्ते में घेरा, ग्रामीण ने बचाई जान

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम मिदरवाहा में खेत पर कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रही महिलाओं से अभद्रता करने और विरोध करने पर उनके परिवार के युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि खेत से लौटते समय दबंगों ने युवक को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। उसके परिवार की शिकायत पर महरौनी पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

ग्राम मिदरवाहा निवासी राजाबेटी पत्नी रामसिंह यादव ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 23 जुलाई 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपनी देवरानी पार्वती और पुत्र निर्भान सिंह के साथ खेत में फसल पर कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रही थीं। इसी दौरान गांव का भानसिंह पुत्र मंगल सिंह वहां पहुंचा और महिलाओं के साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार करने लगा। जब निर्भान सिंह ने इसका विरोध करते हुए उसे वहां से जाने के लिए कहा, तो वह धमकी देते हुए वहां से चला गया। आरोप है कि खेत का काम समाप्त होने के बाद जब तीनों घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में भानसिंह ने अपने पुत्र राकी राजा तथा देवप्रताप पुत्र मूरत सिंह को बुला लिया। तीनों ने मिलकर निर्भान सिंह को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। महिलाओं द्वारा बीच-बचाव करने पर उन्हें भी धमकाया गया। पीड़िता का आरोप है कि हमलावर जान से मारने की नीयत से हमला कर रहे थे। घटना के दौरान शोर सुनकर इंद्रपाल सिंह पुत्र गोविंद सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर निर्भान सिंह को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। मारपीट में निर्भान सिंह को चोटें आईं। आरोप है कि जाते समय आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर पर थाना महरौनी पुलिस ने भानसिंह, राकी राजा और देवप्रताप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बारिश में उजड़ गया पशुओं का आशियाना, न्याय की लगाई गुहार

# आदिवासी मजदूर का आरोप- जेसीबी से ढहा दी टापरी, अब खुले आसमान के नीचे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लगातार हो रही बारिश के बीच सारंगपुर अनुभाग के ग्राम अलूनी से एक मार्मिक मामला सामने आया है। गांव के आदिवासी मजदूर मोड़सिंह पिता गोपीलाल ने आरोप लगाया है कि जिस टापरी के सहारे उसके पशु वर्षों से सुरक्षित रहते थे, उसे जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया।

अब हालात यह हैं कि बारिश के मौसम में उसके मवेशी खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को मजबूर हैं और परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। मोड़सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर एवं प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल को शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने आवेदन में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है और पशुपालन ही उसकी अतिरिक्त आय का मुख्य साधन है। पशुओं को बांधने के लिए गांव में वर्षों पुरानी घास-फूस की टापरी बनाई गई थी, जहां चारा भी सुरक्षित रखा जाता था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हाल ही में भारी बारिश के दौरान जेसीबी मशीन से उसकी टापरी गिरा दी गई। टापरी टूटने से उसमें रखा चारा भी बारिश में भीगकर खराब हो गया। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अब पशुओं को बारिश और ठंड से बचाने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा है। मोड़सिंह का कहना है कि एक गरीब मजदूर के लिए यह नुकसान किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है।



आवेदन में उसने यह भी आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग उसे सार्वजनिक ट्यूबवेल से पानी भरने से रोकते हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग से होने के कारण भेदभावपूर्ण व्यवहार किए जाने की शिकायत भी उसने की है। मोड़सिंह का कहना है कि गांव में अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण हैं, लेकिन कार्रवाई केवल उसकी टापरी पर ही की गई। मोड़सिंह ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, नुकसान का मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बारिश के इस मौसम में एक गरीब परिवार और उसके बेजुबान पशुओं की परेशानी ने गांव में चर्चा का विषय बना दिया है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या इस आदिवासी मजदूर को न्याय और उसके पशुओं को फिर से एक छत मिल पायेगी क्या।

**इनका कहना है...**

वर्ष 2025 में अतिक्रमण हटाने का आदेश हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। पूर्व में इन्हें सूचना भी दी थी।

**नीलम पारसेदिया, पचोर तहसीलदार**

# कॉलेज में सीटें कम पड़ने से बढ़ी छात्रों की चिंता, सीट वृद्धि के लिए सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में स्नातक कक्षाओं की सीमित प्रवेश सीटों को लेकर छात्रों की चिंता बढ़ गई है। इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्राचार्य के माध्यम से आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बी.ए.एवं बी.एससी. की सीटों में तत्काल वृद्धि की मांग की है।

एबीवीपी ने ज्ञापन में बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में महाविद्यालय में निर्धारित प्रवेश क्षमता विद्यार्थियों की संख्या की तुलना में काफी कम है। हर वर्ष सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन सीटें सीमित होने के कारण अनेक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाता। परिषद का कहना है कि प्रवेश से वंचित होने वाले विद्यार्थियों में बड़ी संख्या आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों की होती है। ऐसे विद्यार्थियों के सामने निजी महाविद्यालयों में अधिक शुल्क देकर पढ़ाई जारी रखने या फिर उच्च शिक्षा छोड़ने जैसी स्थिति बन जाती है। इससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर प्रभावित हो रहे हैं।ज्ञापन में छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए शासन से मांग की गई है कि बी.ए. एवं बी.एससी. कक्षाओं की सीटों में शीघ्र वृद्धि की जाए, ताकि योग्य और इच्छुक विद्यार्थियों को सरकारी महाविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सके। परिषद ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में प्रवेश क्षमता बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उच्च शिक्षा विभाग विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय करेगा। उन्होंने कहा कि यदि सीटों में वृद्धि होती है तो न केवल विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान एबीवीपी के सारंगपुर भाग संयोजक तुषार चौहान, कॉलेज अध्यक्ष गोविंद कुंभकार, कॉलेज उपाध्यक्ष मोहित प्रजापति सहित संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने कहा कि छात्रहित से जुड़े इस मुद्दे पर आवश्यक होने पर आगे भी प्रयास जारी रखे जाएंगे।

### भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

## अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, महाप्रसादी ग्रहण की

**नरसिंहगढ़।** रथ यात्रा के दिन से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा बड़े बाजार स्थित श्री रामकृष्ण मंदिर में विराजमान हैं। इस दौरान गुरुवार रात्रि को मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को विविध प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। भोग आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जगन्नाथ के जयघोष से गूंजता रहा। आयोजन में मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई। धार्मिक आयोजन देर रात संपन्न हुआ।



### नागरिक विमानन क्षेत्र में संधारणीय विमानन ईंधन को बढ़ावा देने की तैयारी

## सांसद सुधीर गुप्ता के प्रश्न पर लोकसभा में सरकार ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा लोकसभा में नागरिक विमानन क्षेत्र में संधारणीय विमानन ईंधन को अपनाने एवं बढ़ावा देने से संबंधित प्रश्न उठाया गया। इसके उत्तर में नागरिक विमानन मंत्रालय ने बताया कि सरकार विमानन क्षेत्र को अधिक पर्यावरण-अनुकूल, स्वच्छ एवं टिकाऊ बनाने के लिए व्यापक रणनीतिक योजनाओं और नीतिगत पहलों पर कार्य कर रही है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि देश में संधारणीय विमानन ईंधन के उत्पादन, गुणवत्ता प्रमाणन तथा सुरक्षित उपयोग के लिए एक मजबूत नीतिगत एवं नियामक ढांचा तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वाणिज्यिक विमानन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करना तथा हरित उड़ानों को बढ़ावा देना है। सरकार ने बताया कि विमानन कंपनियों, एयरपोर्ट संचालकों और तेल विपणन कंपनियों के बीच समन्वय स्थापित कर पायलट परियोजनाएं प्रारंभ की जा रही हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से भविष्य में वाणिज्यिक उड़ानों में संधारणीय विमानन ईंधन के उपयोग को व्यापक स्तर पर लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, वाणिज्यिक विमानन क्षेत्र में रअऋ को तेजी से अपनाने के लिए स्पष्ट समय-सीमा और कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्यों के साथ एक विस्तृत रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। इससे देश के विमानन क्षेत्र को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप अधिक टिकाऊ बनाने में सहायता मिलेगी। सरकार का मानना है कि संधारणीय विमानन ईंधन के उपयोग से भविष्य में स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल उड़ानों को बढ़ावा मिलेगा तथा भारत का नागरिक विमानन क्षेत्र वैश्विक हरित विमानन लक्ष्यों की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएगा।



## खेत में खरपतवार छिड़काव के दौरान 20 वर्षीय युवक को लगा करंट, मौत



**लखनवास।** पांजरी गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में खरपतवार नाशक का छिड़काव करते समय 20 वर्षीय दयाराम लोधा करंट की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दयाराम खेत में काम कर रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत पंचनामा तैयार कर उसे उपचार के लिए नरसिंहगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### विद्यार्थियों ने सीखे बचाव के तरीके

**विदिशा।** एसडीईआरएफ टीम ने बुधवार को एमजीएम स्कूल में आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण दिया। जिला सेनानी मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन और कंपनी कमांडर देवीसिंह परते के नेतृत्व में करीब 2500 छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने भाग लिया। टीम ने बाढ़, आग, सर्पदंश और अन्य आपात स्थितियों में बचाव, सीपीआर, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग तथा स्थानीय संसाधनों से रेस्क्यू उपकरण बनाने का प्रदर्शन किया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक विनीता लोढ़ा ने शमशाबाद एवं बिछिया क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता, अभिलेख संधारण तथा मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं से बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती एवं धात्री माताओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी लेकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समय पर लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ वातावरण, नियमित वजन-ऊंचाई मापन, पोषण ट्रैकर अपडेट रखने, गुणवत्तापूर्ण प्री-स्कूल शिक्षा तथा कुपोषण रोकथाम में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

### जनगणना की समीक्षा

**विदिशा।** मप्र के जनगणना निदेशक एवं आईएएस अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अंशुल गुप्ता से भेंट की। बैठक में जिले में जनगणना की तैयारियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

### नगर परिषद व पुलिस की अनदेखी

## नगर के मध्य स्टेट हाईवे से निकलते भारी वाहन, सूचना बोर्ड बना शोपीस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर परिषद व पुलिस की अनदेखी के चलते नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर छोटे बड़े वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। यह स्टेट हाईवे अघोषित रूप से बस स्टैंड भी बन गया है जहां देर तक बसे खड़ी रहकर सवारियों को उतरती चढ़ती है। यहां से गुजरते भारी वाहनों से दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है। साथ ही आए दिन लगाने वाले जाम से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्टेट हाईवे पर आए दिन लगाने वाले जाम कई बार एंबुलेंस व पुलिस की गाड़ियां भी फसती हुई देखी जा सकती है। जिम्मेदारों द्वारा अपनी जिम्मेदारी ना निभाने के चलते पहले भी इसी स्टेट हाईवे अघोषित बस स्टेंड पर एक ग्रामीण महिला की मौत हो गई थी। एक बुजुर्ग को अपना पैर गवाना चुका है। कहने को तो नगर परिषद ने बायपास पर एक बोर्ड पर भारी वाहन प्रवेश निषेध का बोर्ड लगा कर अपनी औपचारिकता बहुत पहले ही पूरी कर ली है। पर पुलिस स्टेशन से चन्द कदम की दूरी पर आए दिन लगने वाले जाम शायद जिम्मेदारों को नजर नही आते। माचलपुर थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने सवाल सुनने के बाद कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

### आजाद भारत में शहीद आजाद की जयंती पर छात्रों का फूट गुस्सा

**गुना।** एक तरफ जहां पूरा देश अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ गुना के शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज में उनकी जयंती मना रहे छात्रों पर कॉलेज प्रशासन की तानाशाही और पुलिस का खौफ देखने को मिला। कॉलेज परिसर में छात्र संगठन डीएसओ द्वारा क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही थीं। इसी दौरान कॉलेज प्राचार्य ने कार्यक्रम में पहुंचकर छात्रों को हड़काते हुए कार्यक्रम की अनुमति मांगी। इस दौरान उन्होंने छात्रों को धमकाया और मौके पर कैंट थाना पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों से कार्यक्रम की अनुमति मांगी। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मुंहवाद हुआ। पुलिस और कॉलेज प्रशासन के इस रवैये से छात्र भड़क गए। छात्रों ने आरोप लगाया कि पीजी कॉलेज परिसर में जब सत्ताधारी दल के कार्यक्रम आयोजित होते हैं, तब तो कोई रोक-टोक नहीं होती, लेकिन शहीदों को नमन करने वाले छात्रों को बार-बार परेशान किया जा रहा है।

### अरे मैडम तंबाकू खाया है, थूका तो नहीं...

## अस्पताल में डिप्टी कलेक्टर के सामने जमकर बहसबाजी के बाद कटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



जिला अस्पताल परिसर को तंबाकू मुक्त बनाने पहुंची प्रशासनिक टीम को उस समय अजीबो-गरीब और मजेदार स्थिति का सामना करना पड़ा, जब तंबाकू चबा रहे एक युवक ने अपनी सफाई में डिप्टी कलेक्टर को अनोखा तर्क दे डाला। अधिकारी जब चालान काटने लगे तो जनाब बड़े ही भोलेपन से बहस करने लगे— अरे मैडम! मैंने तो सिर्फ तंबाकू खाया है, अभी थूका तो नहीं है! जब थूका ही नहीं तो कार्रवाई किस बात की? हालांकि, युवक की यह मजेदार दलील टीम के आगे काम न आ सकी और अधिकारियों ने साफ कह दिया कि कानून में खाना और थूकना दोनों ही मना है। आखिरकार बहस हारकर युवक को जुर्माना भरना ही पड़ा।

दरअसल, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में औचक छापामार कार्रवाई की गई थी। अभियान की अगुवाई डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी और कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी कर रही थीं। टीम जैसे ही अस्पताल परिसर में दाखिल हुई, वहां तंबाकू का लुत्फ उठा रहे और बीड़ी सुलगा रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू एवं बीड़ी का सेवन करते पाए गए 8 लोगों को टीम ने रंगे हाथों पकड़ा और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा-2003) की धारा-4 के तहत मौके पर ही जुर्माने की रसीद थमा दी। इस दौरान अस्पताल आए कई मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन की इस सख्त मुहिम की जमकर तारीफ की और इसे स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद जरूरी बताया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने नियम तोड़ रहे लोगों को सख्त हिदायत देते हुए समझाया कि अस्पताल इलाज और स्वास्थ्य लाभ की जगह है, इसे थूकदान या धुएं का अड्डा न बनाएं। डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी ने स्पष्ट किया कि अस्पताल परिसर में तंबाकू या धूम्रपान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बारिश में किसानों के सामने समस्या

# कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था का आलम किसानों के 5 टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



जिले कि अनाज मंडियों में नगर की अनाज मंडी अपना विशेष स्थान रखती है] लेकिन इस कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जबकि दूर-दूराज से किसान अपना अनाज लेकर मंडी में नीलामी के लिए आते हैं। मंडी प्रशासन की अनियमितता से मंडी के अधिकांश टीनशेड पर व्यापारियों ने कब्जा कर अपना अनाज टीन शेड में जमा रखा है।

जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में कुल 6 टीनशेड बने हुए हैं। इनमें से 5 टीनशेड पर व्यापारियों ने अपना माल रखकर कब्जा कर रखा है, जबकि किसानों के अनाज के लिए मात्र एक ही टीनशेड छोड़ रखा है।

उसी एक टीनशेड में व्यापारी किसानों के अनाज की बोली लगाते हैं। अनाज की आवक अधिक होने पर स्थिति और भी बिगड़ जाती है। किसानों को अपना अनाज खुले आसमान तले रखना पड़ता है। वहीं पर नीलामी होती है। ऐसे में बारिश के मौसम में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका अनाज भीग जाता है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन इस ओर न तो मंडी प्रशासन का ध्यान है और न ही व्यापारियों को अपना अनाज अन्य गोदाम में रखने के लिए मंडी प्रशासन व्यापारी को अनाज हटाने के लिए किसी तरह कि पहल करते है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा क्यों है और मंडी प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है। इस संबंध में जब मंडी सचिव हरिप्रसाद वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कल भोपाल में मीटिंग में रहूंगा, परसों के दिन निश्चित ही व्यापारियों का माल टीनशेड से हटा दिया जाएगा।

### एसपी ने बजरंगगढ़ थाने का किया निरीक्षण

## फरियादी के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने 22-23 जुलाई की मध्यरात्रि में बजरंगगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के अभिलेखों, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई का गहन अवलोकन कर कार्यप्रणाली का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाने आने वाले हर फरियादी के साथ संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। जनसुनवाई पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी तरीके से समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित होना चाहिए।

एसपी वासल ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्त को अधिक प्रभावी बनाने और असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना और पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पारदर्शी और जनोन्मुखी पुलिसिंग के लिए जिले के सभी थानों का ऐसा औचक निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, युवक और उसके भाई पर हमला

**गुना।** जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाबगंज हनुमान मंदिर के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित राजा वाल्मीकि (रसीद कॉलोनी) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार गत शाम राजा अपने दोस्त के साथ दर्शन करने गया था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर रंजीत, करन और दीपक वाल्मीकि ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने फावड़े के बिंते से हमला कर राजा को घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आए उसके भाई सौरभ पर भी हमला किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।